	उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, **हरिद्वार–249404**

संख्याः– 259/01/डी0आर0(डिग्री)/सेवा–2/2021–22 दिनांक : 01 दिसम्बर, 2023

विज्ञप्ति

<u>असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021</u>

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 के विज्ञापन दिनांक 04 दिसम्बर, 2021 एवं विज्ञप्ति दिनांक 19 जनवरी, 2022 एवं दिव्यांगजन के पदों हेतु शुद्धिपत्र दिनांक 23.12.2022 द्वारा प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों में अंकित ए0पी0आई0 स्कोर के आधार पर शार्टलिस्टिंग परिणाम दिनांक 13 अप्रैल, 2022 को घोषित किया गया, जिसमें सफल अभ्यर्थियों से दिनांक 04 मई, 2022 तक प्राप्त किये गये अभिलेखों की सन्निरीक्षा के क्रम में **असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन विज्ञान (Chemistry), असिस्टेंट प्रोफेसर, गृह विज्ञान (Home Science) एवं असिस्टेंट प्रोफेसर, समाजशास्त्र (Sociology)** विषयों के लिए अनर्ह सूची, अभ्यर्थन निरस्त सूची एवं अधिमानी अर्हता विषयक सूचना से संबंधित सूचियों को आयोग की **Website-psc.uk.gov.in** पर प्रसारित किया गया है। अनर्ह सूची एवं अधिमानी अर्हता की सूची के संबंध में अभ्यर्थियों को साक्ष्यों सहित **दिनांक 18 दिसम्बर, 2023 (सोमवार) के सांय 06:00 बजे** तक अभिलेख/प्रमाण–पत्र/प्रत्यावेदन आयोग कार्यालय उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर भी प्रदान किया गया है, अन्तिम तिथि 18 दिसम्बर, 2023 के पश्चात अभ्यर्थियों के इस विषय में प्राप्त किसी भी अभिलेख/प्रमाण–पत्र/प्रत्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को इस संबंध में डाक के माध्यम से पृथक से सूचना प्रदान नही की जायेगी।

-SD-

(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।